## एक नजर में

### कानून व्यवस्था बनाए रखने और आगामी त्योहारों पर शांति कायम रखने के लिए पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**पुलिस की टेक्निकल टीम की सोशल मीडिया पर रहेगी निगरानी**

**बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के नेतृत्व में आज दिनांक 27/05/2026 को पुलिस फ़ोर्स द्वारा शहर के थाना क्षेत्रों से होते हुए निकाला गया फ़्लैग.मार्च थाना कोतवाली रूम से प्रारंभ होकर, फूल चौक,गांधी चौक, कमल चौक, शिवकुमार प्रतिमा, जय स्तंभ, मंडी चौक होते हुए पुलिस कंट्रोल रूम समाप्त किया गया।फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल, रक्षित निरीक्षक सुनील दीक्षित,थाना प्रभारी कोतवाली,शिकारपुरा,गणपति नाका, लालबाग ,यातायात, एवं शहर के चारों थाने का पुलिस बल सम्मिलित रहा। बुरहानपुर पुलिस कि आम जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक या भड़काऊ जानकारी साझा न करें।यदि कोई व्यक्ति इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता हैए तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जल गंगा संवर्धन अभियान : जिलेभर में जल स्रोतों के संरक्षण के लिए जनभागीदारी से हुए विशेष आयोजन



**बुरहानपुर।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आव्हान पर प्रदेश सहित बुरहानपुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान निरंतर जनभागीदारी के साथ संचालित किया जा रहा है, जो 30 जून तक जारी रहेगा। जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से जिले में लगातार विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में सोमवार को गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जिलेभर में जल स्रोतों के संरक्षणए स्वच्छता एवं जन.जागरूकता को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**जल स्रोतों के संरक्षण के लिए आगे आए ग्रामीण:**– ग्राम पंचायत टेम्भी में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्रोत बावड़ी के आसपास साफसफाई कर विधि.विधान से पूजन किया गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्र की प्राचीन पांव.बावड़ियों की स्वच्छता एवं संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास किए गए।इसी कड़ी में ग्राम पंचायत इच्छापुर में शिव मंदिर के समीप स्थित पांव.बावड़ी की सफाई का कार्य ग्रामीणों द्वारा जनसहयोग एवं श्रमदान कर किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने जल स्रोतों को संरक्षित रखने एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए इन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प भी लिया।

**17 प्राचीन पांव.बावड़ियों के संरक्षण की ओर प्रयास:**– कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के नेतृत्व एवं सीईओ जिला पंचायत श्री सृजन वर्मा के मार्गदर्शन में जिले की 17 प्राचीन पांव.बावड़ियों पर विशेष स्वच्छताए पूजन एवं जन.जागरूकता गतिविधियां आयोजित रही। जल स्रोतों के संरक्षण के इस अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियोंए पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

**कलश यात्राओं से दिया जल संरक्षण का संदेश:**– ग्राम पंचायत बोरसर, इच्छापुर, बोरगांव, असीर, खामला एवं खातला सहित विभिन्न ग्रामों में कलश यात्राएं निकालकर जल स्रोतों का पूजन किया गया।धार्मिक आस्था और सामाजिक चेतना के इस संगम ने जल संरक्षण के संदेश को जन.जन तक पहुंचाने का कार्य किया। **परंपरा से जुड़कर संरक्षण की चेतना:**– कार्यक्रमों के दौरान पंचायत स्तर पर प्राचीन पांव.बावड़ियों के इतिहास ,भारतीय संस्कृति में जल संरक्षण की परंपरा एवं जल संवर्धन के महत्व पर परिचर्चाएं भी आयोजित की गईं। जल स्त्रोतों एवं जल का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### कृषक कल्याण वर्ष 2026 : कृषि रथ के माध्यम से किसानों तक पहुंच रही योजनाओं की जानकारी



**बुरहानपुर।** पूरे प्रदेश सहित बुरहानपुर जिले में कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा किसानों के हित में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशन में जिलेभर में कृषि रथ के माध्यम से किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं एवं आधुनिक खेती की तकनीकों की जानकारी दी जा रही है।

उपसंचालक कृषि श्री एम.एस.देवके के मार्गदर्शन में कृषि विभाग की टीम विकासखंड स्तर पर गांव.गांव पहुंचकर किसानों से सीधे संवाद कर रही है। अभियान के अंतर्गत अब तक विकासखंड के लगभग 36 गांवों में पहुंचकर किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा चुकी है। विदित है कि कृषि रथ का शुभारंभ 16 मईए 2026 को किया गया था।

अभियान के दौरान किसानों को आगामी खरीफसीजन को ध्यान में रखते हुए उर्वरक प्रबंधनए संतुलित खाद उपयोगए प्राकृतिक खेती एवं आधुनिक कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी दी जा रही है। साथ ही किसानों को ई.विकास पोर्टल के माध्यम से खाद प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई गयीए ताकि किसानों को समय पर उर्वरक आसानी से उपलब्ध हो सके।राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन अंतर्गत अरहरए कपासए मक्काए ज्वार एवं सोयाबीन जैसी फसलों की उन्नत खेतीए बीज उपचारए जल संरक्षण एवं उत्पादन बढ़ाने की तकनीकों का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ किसानों को टिकाऊ खेती एवं दीर्घकालीन उत्पादन बनाए रखने के उपाय बता रहे हैं ।कृषि विभाग की टीम लगातार गांवों में चौपाल लगाकर किसानों को आधुनिक कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने हेतु प्रेरित कर रही है। विभाग द्वारा किसानों से अपील की गई है कि वे कृषि विभाग की योजनाओं से अधिक से अधिक जुड़ें और शासन की सुविधाओं का लाभ उठाएं।

### मस्तिष्क और रीढ रोगों के उपचार में मिलेगी राहत

**बुरहानपुर।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का निरंतर विस्तार हो रहा है और आमजनों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला चिकित्सालय बुरहानपुर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु एक महत्वपूर्ण पहल की गई है।

# प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल करेंगे भाजपा जिला प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन

**30-31 मई को होने वाले जिला प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर हुआ व्यापक मंथन, स्थल निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा**





**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत बुरहानपुर जिले का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग 30 एवं 31 मई को मंगल मिलाप परिसर में किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण वर्ग के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को दिनभर व्यापक मंथन, स्थल निरीक्षण, व्यवस्थाओं की समीक्षा और कार्य विभाजन को लेकर विस्तृत बैठक आयोजित की गई।

बैठक एवं स्थल निरीक्षण के दौरान संभागीय प्रशिक्षण प्रभारी कल्याण अग्रवालए संभागीय सह प्रभारी ओम सोनी, विवेक भटोरे, जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी, हरीश कोटवाले, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता और पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक अर्चना चिटनिस, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, जिला महामंत्री चिंतामन महाजन, ईश्वर चौहान, संजय जाधव, भाजपा नेता नरहरी दीक्षित, वीरेंद्र तिवारी, दुर्गेश शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधिए पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संभागीय सह प्रभारी विवेक भटोरे ने प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों की समीक्षा करते हुए समिति प्रमुखों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसकी प्रत्येक व्यवस्था सुव्यवस्थित एवं अनुशासित होए इसके लिए सभी समितियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी कार्यकर्ता अपने दायित्वों का उत्कृष्ट निर्वहन करेंगे। श्री भटोरे ने बताया कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में उपस्थित रहकर शुभारंभ करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के नियंत्रक जिला महामंत्री श्री चिंतामन महाजन रहेंगे और उनके मार्गदर्शन में सभी व्यवस्थाओं का संचालन किया जाएगा।

उन्होंने विशेष रूप से कहा कि विधायक अर्चना चिटनिस द्वारा प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं विषयों की गंभीरता को लेकर विशेष तैयारी की गई हैए जिससे यह प्रशिक्षण वर्ग कई मायनों में ऐतिहासिक सिद्ध होगा।

संभागीय सह प्रभारी ओम सोनी ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग केवल औपचारिक कार्यक्रम नहींए बल्कि कार्यकर्ताओं के वैचारिक एवं संगठनात्मक विकास का माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कार्यकर्ताओं को सभी विषयों को गंभीरता से समझना होगा, क्योंकि प्रशिक्षण के पश्चात उनकी परीक्षा भी होंगी। उन्होंने वंदे मातरम् वर्ग गीत मंडल प्रभारियों की जिम्मेदारियोंए आवासीय व्यवस्था एवं अनुशासन सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने प्रशिक्षण वर्ग की संपूर्ण रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण में कुल 12 सत्र आयोजित होंगेए जिनमें केंद्र एवं प्रदेश स्तर के वरिष्ठ वक्ता विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन देंगे।उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग पूर्णत: आवासीय रहेगा तथा भोजनए आवासए पंजीयनए चिकित्साए मंचए तकनीकीए सुरक्षाए स्वागतए जल व्यवस्था सहित 11 विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ 30 मई को प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा किया जाएगा। समापन 31 मई की शाम को होगा।

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक अर्चना चिटनिस ने अपने संबोधन में कहा कि बुरहानपुर का जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रदेशभर में आयोजित प्रशिक्षण वर्गों का श्रेष्ठ एवं प्रेरणादायी उदाहरण बनेगा। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन सभी कार्यकर्ता मिलकर पूर्ण समर्पण के साथ करेंगे। चिटनिस ने कहा कि उन्हें प्रदेश के अनेक प्रशिक्षण वर्गों में वक्ता के रूप में सहभागी होने का अवसर मिला हैए जिससे प्राप्त अनुभव का लाभ बुरहानपुर जिले के प्रशिक्षण वर्ग को मिलेगा।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कार्यकर्ता वास्तव में सौभाग्यशाली होते हैंए क्योंकि उन्हें संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प को गहराई से समझने और सीखने का अवसर मिलता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बुरहानपुर का यह प्रशिक्षण वर्ग अपेक्षा से अधिक सफल एवं ऐतिहासिक सिद्ध होगा।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मुकेश पुर्वे एवं सह मीडिया प्रभारी कृष्णा शाह ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में संभागीय प्रशिक्षण प्रभारी कल्याण अग्रवाल, संभागीय सह प्रभारी ओम सोनी, विवेक जी भटोरे, वर्ग प्रभारी हरीश कोटवाले, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज जी माने, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक अर्चना चिटनिस, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, जिला महामंत्री चिंतामन महाजन, ईश्वर चौहान, संजय जाधव, वीरेंद्र तिवारी, सुनील वाद्ये, प्रशांत पाटील, संभाजी सगरे, भरत रावल, दुर्गेश शर्मा, प्रशांत लाड, आकाश चौधरी, डॉ. मनोज अग्रवाल, करण प्रजापति, प्रदीप कुशवाह, गजेंद्र वर्मा, गजानन यादव, दिनकर महाजन सहित जिला, मंडल, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के अनेक पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## इच्छादेवी मंदिर में एक पौधा मां इच्छा देवी के नाम




**नवभारत न्यूज,**
**इच्छापुर।** श्री इच्छादेवी मंदिर परिसर मे युवा नेता एवं सांसद् प्रतिनिधी गजेंद्र पाटील के जन्म दिवस पर एक पौधा मां इच्छा देवी के नाम का पौधा लगाया। ट्रस्ट के सदत्य संजय पवार,विषय सपकाले ने बताया कि आज भी इच्छा देवी ट्रस्ट द्वारा हमारे युवा नेता गजेंद्र पाटील का जन्म दिवस के उपलक्ष में हमने पिपल का पौधा लगाया है। पौधे की छाया एवं माँ इच्छा देवी का आर्शीवाद हमेशा बना रहे। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष भागवतराव महाजन ,रामभाऊ यावलकर, डी.के.पंडीत, कैलाास महाजन, प्रमोद उधलकर, सुभाषपंडीत महेश पाटोंडीकर सहित अन्य उपस्थित थे।

## सेवा-सादगी के संदेश के साथ मनाया भाजपा नेता का जन्मदिन



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील का जन्मदिन इस वर्ष सेवाए सादगी और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समर्थकों द्वारा जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर नि:शुल्क भोजन वितरण किया गया।वहीं जिले में कई स्थानों पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

उल्लेखनीय है कि जन्मदिन के एक दिन पूर्व ही गजेंद्र पाटील ने सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो संदेश जारी कर समर्थकों और शुभचिंतकों से अपील की थी कि उनके जन्मदिन पर किसी भी प्रकार के पोस्टरए बैनरए होर्डिंग या केक कटिंग नहीं किए जाएं। उन्होंने कहा था कि जन्मदिन को दिखावे की बजाय सेवा और समाजहित के कार्यों के माध्यम से मनाया जाए तथा प्रत्येक समर्थक एक पौधा अवश्य लगाए।


गजेंद्र पाटील की इस अपील का असर जिलेभर में देखने को मिला। समर्थकों ने बुरहानपुर के आयुर्वेदिक कॉलेजख वृद्धाश्रम एवं जिला चिकित्सालय में पहुंचकर मरीजों, जरूरतमंदों और बुजुर्गों को नि:शुल्क भोजन वितरित किया। इस दौरान लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।समर्थकों द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया गया। भोजन वितरण कार्यक्रम के दौरान प्रदीप माली, पंकज पवार, आशु तुलसानी, दिनेश सगरे, ओम महाजन एवं लक्की पगारे सहित अन्य समर्थक उपस्थित रहे।

## पुलिस ने शुरू किया विशेष यातायात अभियान

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** एसपी आशुतोष बागरी के निर्देशन में बुरहानपुर पुलिस ने नगर की यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से आज दिनांक 27 मई 2026 को एक विशेष अभियान संचालित किया।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अंतर सिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में यातायात थाना प्रभारी श्री राजेश बारवाल के नेतृत्व में पुलिस बल ने शहर के मुख्य मार्गो पर जाम की समस्या उत्पन्न करने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई।इसी क्रम में यातायात थाना प्रभारी राजेश बारवाल द्वारा आज बस स्टैंड क्षेत्र एवं सिंधीबस्ती से हमीदपुरा बायपास मार्ग पर विशेष यातायात अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान सड़क पर अव्यवस्थित रूप से खड़े ऑटो और दूसरे वाहनों को हटवाया गया।

**अभियान के मुख्य बिंदु:**– बस स्टैंड क्षेत्र में सड़क पर खड़े ऑटो, मैजिक एवं क्रूज़र वाहनों को हटवाकर मार्ग को बाधारहित कराया गया।ऑटो चालकों को यातायात नियमों के पालन हेतु समझाइश दी गई।ऑटो चालकों को निर्देशित किया गया कि आगामी 07 दिवस के भीतर अपने वाहनों के आवश्यक दस्तावेज जैसे कृ फिटनेस, परमिट, बीमा एवं अन्य वैध कागजात पूर्ण करें।

## हरिकृष्ण महाराज का दिव्य अभिषेक



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** पावन पुरुषोत्तम मास एवं पद्मिनी एकादशी के शुभ अवसर पर बुरहानपुर के प्राचीन स्वामीनारायण मंदिर में भगवान लक्ष्मी नारायण देव हरीकृष्ण महाराज का भव्य दिव्य अभिषेक बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। अभिषेक के दिव्य दर्शनों के लिए सुबह से ही मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

मंदिर में भगवान का अभिषेक 500 लीटर दूधए जामुन का जूसए आम का रसए गन्ने का रसए ककड़ी का जूसए नारियल पानीए शक्करए शहदए पांच नदियों के जलए दही एवं घी सहित विभिन्न पवित्र सामग्री से वैदिक मंत्रोच्चार और वाद्य यंत्रों की मंगल ध्वनि के बीच किया गया। दिव्य अभिषेक में मंदिर के मीडिया प्रभारी गोपाल देवकर, हरिभक्त अशोक शाह,उमेश शाह, सुभाष भाई सहित अनेक श्रद्धालुओं ने लाभ लिया। मीडिया प्रभारी गोपाल देवकर ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्य अभिषेक के पश्चात भगवान लक्ष्मी नारायण देव हरीकृष्ण महाराज का लगभग 25 किलो गुलाब की पंखुड़ियों से भव्य राज्योपचार किया गया।मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। अभिषेक से निकले पवित्र तीर्थ को भी श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया।

इस अवसर पर मंदिर के महंत कोठारी पी स्वामी, दिनेश भगत, शास्त्री चंद्र प्रकाश स्वामी, शास्त्री चिंतन प्रियदास जी,स्वरज भगत सहित मंदिर के अनेक हरिभक्त व्यवस्थाओं में जुटे रहे।शास्त्री चिंतन प्रियदास जी ने कहा कि व्यतिपात योग में दान देना अनिवार्य माना गया है।जो व्यक्ति इस दिन दान करता है।

## नौतपा में शीतल जल सेवा के साथ दिया जल संरक्षण का संदेश




**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** द्वारा नौतपा की भीषण गर्मी को देखते हुए रेलवे स्टेशन परिसर में शशीतल जल सेवा कार्यक्रम किया गया।इस दौरान समिति सदस्यों ने यात्रियों को शीतल जल पिलाकर मानव सेवा का संदेश दिया।

कार्यक्रम की विशेष आकर्षण समिति सदस्यों द्वारा धारण की गई गांधी टोपी रहीए जिस पर श्स्वच्छ ताप्ती,स्वच्छ बुरहानपुर,जल बचाओ कल बचाओ तथा ताप्ती हमारी पहचान जैसे प्रेरणादायी स्लोगन लिखे गए थे। इन संदेशों के माध्यम से यात्रियों एवं आमजन को ताप्ती स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

समिति सदस्यों ने बताया कि नौतपा की भीषण गर्मी में प्यासे यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराना केवल सेवा नही, बल्कि सामाजिक संवेदना का प्रतीक है।इसी के साथ संस्था लगातार ताप्ती नदी स्वच्छता एवं जनजागरण के विभिन्न अभियानों के माध्यम से समाज को जागरूक करने का कार्य भी कर रही है।यात्रियों को प्लास्टिक मुक्त जीवन और जल संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कई यात्रियों ने समिति की इस पहल की सराहना करते हुए इसे मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रेरणादायी उदाहरण बताया।

समिति ने अपील की कि भीषण गर्मी के इस दौर में प्रत्येक व्यक्ति जल संरक्षण का संकल्प ले तथा जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आए ।इस मे गुरु नानक चिल्ड पानी के इस का सहयोग इसमें उपस्थित अध्यक्ष श्रीमती सरिता भगत सचिन धर्मेंद्र सोनी आशा तिवारी रजनी गट्टानी नंदकिशोर वाणे भूपेंद्र जूनागढ़े विजय राठौड़ डॉक्टर युसूफखान रियाज उल हक अंसारी विनय पुवीवाला राजीक हुसैन अंसारी राजकुमार बचवानी आदि उपस्थित थे।

**एक नजर** **कटी घाटी के पास हाईवे पर हुई ट्रक ड्राइवर से लूट के 03 आरोपियों को पकड़ने में मिली सफलता**

# थाना निंबोला क्षेत्र में लूट को अंजाम देने वाली शातिर गैंग का पुलिस ने किया खुलासा





**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** थाना निंबोला क्षेत्र में हुई लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस कंट्रोल रूम में की गई प्रेस वार्ता में बताया कि कटी घाटी के पास हाईवे पर हुई ट्रक ड्राइवर से लूट के 03 आरोपियों को पकड़ने मे मिली सफलता मिली है। थाना निम्बोला क्षेत्र में 7 मई को फरियादी अजय पिता बालुसिंग वास्कले उम्र 27 साल निवासी राऊ ने थाने पर हाजिर रिपोर्ट कर बताया कि घटना दिनांक को इन्दौर.इच्छापुर कटी घाटी के पास काले रंग की कार द्वारा में से चार व्यक्तियों ने फरियादी की आयशर को रोककर उसमें रखे तीन लाख रूपये लुटकर ले गये जिस पर थाना निंबोला पर अपराध क्रमांक 141/2026 धारा 309, 4 बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष आशुतोष बागरी द्वारा उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए लूट के आरोपियों को जल्द पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया था निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं अनुविभागीय अधिकारी,पुलिस नेपानगर निर्भयसिंह अलावा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निंबोला उनि राहुल कांबले द्वारा पुलिस टीम का गठन कर लूट के आरोपियों की तलाश पतारसी शुरू की गई ।

**पुलिस कार्रवाई :**– पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल,आसपास के होटल ढाबे, व उसी दिशा में आगे पुलिस चौकी बोरगांव,कोहधड, पाटलिया, सिगोट,रामपुर, लछोरा, रामपुरा, भामगढ, अमलपुरा,थाना जावर, मुंदी, पुनासा, बागरदा, नर्मदा नगर,वन विभाग चेक पोस्ट,जिला देवास सतवास पुलिस थाने व काटाफोड पुलिस स्टेशन, पुजापुरा, जिला इंदौर के सीसीटीव्ही कैमरे चेक करते संदिग्ध काली बिना नंबर की होण्डा कंपनी की इमेज कार बाद कंट्रोल रूम इंदौर के केमरे चेक करते जिसमे गाडी नंबर की पहचान करते मय नंबर प्लेट एमपी 09 बीएच 0860 होण्डा कंपनी की इमेज कार दिखी बाद वाहन मालिक की पतारसी करते वाहन मालिक दिनेश पाटीदार निवासी बिडवाल थाना कानवन जिला धार का होना पाया गया ।वाहन मालिक दिनेश से पूछताछ पर दिनांक 06/05/26 की रात से ही उसका दोस्त युग श्रीवास्तव निण् इंदौर दिनांक 07/05/26 को किराये से उपयोग करने के लिये ले गया था बाद आयुष के दोस्त युग श्रीवास्तव से पूछताछ करते उसने जुर्म स्वीकार करते बताया कि उक्त कार से दिनांक 07/05/26 को करीब सुबह 03 बजे इंदौर से वह और उसके अन्य तीन दोस्त जिसमें आवेश मंसूरी चंदन नगर,संतोष उर्फ संतोष बाबा उदयनगर, मो.अली नि.चंदन नगर सभी निवासी इंदौर से निकल कर घटना स्थल के आसपास छिपकर एक आयसर क्र.डी.डी.01 जी 9963 का इंतजार करते रहे आवेश वाट्सअप कॉल के जरिये इंदौर के जुबेर अंसारी और समीर उर्फ समीर अन्ना से बात करके उसका लोकेशन पता कर रहा था आरोपियों से पूछताछ करते जुर्म करना स्वीकार किया गया ।

**गिरफ्तार आरोपी :**–मोह. अली पिता मुसव्वीर उम्र 18 साल चंदन नगर, युग पिता दिनेश श्रीवास्तव उम्र 21 साल , जुबेर पिता अब्दुल रज्जाक मंसुरी उम्र 40 साल सभी निवासी इंदौर को गिरफ्तार किया गया।वहीं वारदात में शामिल आवेश मंसूरी निवासी चंदन नगर, संतोष उर्फबाबा निवासी उदयनगर, समीर उर्फ अन्ना निवासी इंदौर अभी फरार हैं।आरोपी के कब्जे से होंडा अमेज कार जब्त की गई है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निम्बोला उनि राहुल कांबले, उनि कमल मौरे, प्रआर अर्जुन, प्रआ प्रताप तोमर,प्रआर तुकाराम,चालक आरक्षक पवन,सायबर सेल शाखा के आर शक्ति सिंह व आर दुर्गेश, आर.सत्यपाल, आर.ललित अन्य जवानों का सहयोग रहा।